जीविका
गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की पहल

# बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
# राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार

बिहार सरकार

प्रथम तल, विद्युत भवन–2, बेली रोड, पटना–800 021, दूरभाष :+91–612–250 4980, फैक्स : +91–612–250 4960, वेबसाइट : www.brlp.in

पत्रांक : BRLPS /Proj - H&N/948/16/1302 दिनांक : 17/07/18

## कार्यालय आदेश

### (स्वच्छ जीविका – स्वच्छ बिहार)

जीविका द्वारा **"स्वच्छ जीविका – स्वच्छ बिहार कार्यक्रम"** व्यापक पैमाने पर 01 जुलाई-2018 से 15 अगस्त-2018 तक सभी 534 प्रखंडो में किया जा रहा है। इस 45 दिनों की अवधि में वैसी सभी जीविका दीदियों (जिन्हें शौचालय की उपलब्धता नहीं है) के घरों में शौचालय निर्माण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान व्यवहार परिवर्तन के साथ शौचालय निर्माण तथा उसका उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।।

इस अभियान में राज्य/जिला/प्रखंड के सभी जीविका कर्मी, यंग प्रोफेशनल, जीविका से जुड़े सभी सलाहकार, सहयोगी संस्थाओ के सभी कर्मी, कैडर, समूह के प्रतिनिधि एवं सदस्य एक सूत्री कार्यक्रम के रूप में सघन रूप से सम्मिलित होकर लक्ष्य हासिल करने हेतु प्रयासरत है । सचिव, ग्रामीण विकास विभाग के पत्रांक 378455 दि० 10.07.2018 एवं आयुक्त, स्वरोजगार ,ग्रा० वि० वि० के पत्रांक 379479 दि० 17.07.18 द्वारा इस संबंध मे निर्देश निर्गत किए गए हैं।

माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा वैसी सभी जीविका दीदियों (जिन्हें शौचालय की उपलब्धता नहीं है) को शौचालय बनवाने के लिए प्रेरित करने हेतु संदेश-पत्र भेजा गया है। इस पत्र को 19 जुलाई , 2018 तक इन सभी दीदियों को दिया जाना है। इस कार्य हेतु कार्य-योजना निम्न है। :-

| दिनांक | कार्य | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| 17-07-2018 | संदेश- पत्र के वितरण हेतु जिला स्तर पर रणनीति तैयार करना<br><br>सभी प्रखण्ड परियोजना प्रबन्धक को सूचना प्रेषण | जिला परियोजना प्रबन्धक/प्रबन्धक-स्वास्थ्य व पोषण , जीविका (DM/DDC के संज्ञान में )<br><br>जिला परियोजना प्रबन्धक/प्रबन्धक-स्वास्थ्य व पोषण , जीविका |
| 18-07-2018 | समुचित तैयारी के साथ संदेश-पत्र का विभिन्न सामुदायिक समन्वयकों को वितरण | प्रखण्ड परियोजना प्रबन्धक/ प्रखण्ड मेंटर |
| 19-07-2018 | जीविका दीदियों (जिन्हें शौचालय की उपलब्धता नहीं है) को शौचालय बनवाने के लिए प्रेरित करने हेतु संदेश-पत्र का वितरण कार्य पूर्ण करना | जिला परियोजना प्रबन्धक/प्रबन्धक-स्वास्थ्य व पोषण प्रखण्ड परियोजना प्रबन्धक/ प्रखण्ड मेंटर ,जीविका |
| 20-07-2018 | संदेश-पत्र वितरित किए जाने का प्रमाण-पत्र जिला-कार्यालय को उपलब्ध कराना । | प्रखण्ड परियोजना प्रबन्धक |

जिला से पत्र की प्रति प्राप्त होने के उपरांत दिनांक 18-07-18 को BPM अपने प्रखण्ड के AC/CC को उनके क्षेत्र के वैसी सभी जीविका दीदियों (जिन्हें शौचालय की उपलब्धता नहीं है) के संख्या के अनुसार संदेश-पत्र उपलब्ध कराएंगे। AC/CC अपने-अपने क्लस्टर मे सामुदायिक समन्वयकों के साथ बैठक कर उनके क्षेत्र की वैसी सभी जीविका दीदियों (जिन्हें शौचालय की उपलब्धता नहीं है) के संख्या के अनुसार संदेश-पत्र की प्रति उपलब्ध कराएंगे।साथ ही उनसे प्राप्ति-पत्र प्राप्त करेंगे।

संदेश पत्र की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न की गयी है। इसे प्रखण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई द्वारा प्रिंट/फोटो कॉपी कराकर 19 जुलाई , 2018 तक वैसी सभी जीविका दीदियों (जिन्हें शौचालय की उपलब्धता नहीं है) को दिया जाना है। इस संदेश पत्र के प्रिंट/फोटो कॉपी का व्यय पत्रांक 1122 दिनांक 05-07-18 के कंडिका-9 के उपबिंदु-f मे वर्णित BPIU के स्टेशनरी एवं अन्य खर्च के दी गयी राशि से किया जाएगा। अगर किसी प्रखण्ड मे व्यय निर्धारित राशि से अधिक होता है तो इस अतिरिक्त राशि की मांग BPM द्वारा जिला परियोजना समन्वयन इकाई से किया जा सकता है।

आशा किया जाता है की माननीय मुख्यमंत्री के संदेश- पत्र वितरण के उपरांत वैसी सभी जीविका दीदियों (जिन्हें शौचालय की उपलब्धता नहीं है) द्वारा शौचालय निर्माण तथा उसका उपयोग सुनिश्चित कर लिया जाएगा । इस कार्य मे सभी कर्मियों का सहयोग अपेक्षित है।

**अनुलग्नक – यथोपरी**।

**(बालामुरुगन डी0)**
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका
सह-मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

**प्रतिलिपि :**

1. सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक/ प्रशिक्षण अधिकारी/ विषयगत प्रबंधक/ जिला परियोजना प्रबंधक को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित।
2. सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
4. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

**मुख्य मंत्री**
**बिहार**

**पटना**

# संदेश

प्रिय जीविका दीदी,

बिहार की पवित्र धरती का इतिहास, संस्कृति और परंपरा गौरवशाली है। विकसित बिहार के संकल्पित सात निश्चयों में 'शौचालय निर्माण घर का सम्मान' महत्पवूर्ण निश्चय है। स्वच्छता हर आदमी का स्वभाव बनना चाहिए और शौचालय का निर्माण एवं इसका सतत् प्रयोग जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। बिहार को खुले में शौच से मुक्त करने के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सबको समर्पित होना है। इसके लिए प्रदेश में अबतक जो प्रयास किये गये हैं, उससे यह अभियान अब 'जन आंदोलन' का स्वरूप ले चुका है।

हम सब जानते है कि खुले में शौच अनेक बीमारियों का कारण है। यह हमारे परिवार के सम्मान से भी जुड़ा हुआ है। इस दिशा में आप सभी जीविका दीदियाँ गाँव–गाँव स्वच्छता के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण कर रही हैं। आपने बिहार में स्वच्छता अभियान को क्रांति का स्वरूप दिया है। 'खुले में शौच से मुक्ति' के अभियान में पिछले दो वर्ष में बिहार में इसका आच्छादन 22 प्रतिशत से 58 प्रतिशत तब पहुँचा है, इसमें आपका योगदान सराहनीय है।

प्रदेश में जीविका से जुड़ी लगभग 60 प्रतिशत दीदियों के घर में शौचालय है। जिन जीविका दीदियों के घर में अबतक व्यक्तिगत शौचालय नहीं है, उनके द्वारा इसका निर्माण एवं उपयोग सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 01 जुलाई से 15 अगस्त, 2018 तक 'स्वच्छ जीविका स्वच्छ बिहार' अभियान चलाया जा रहा है। मैं आपसे व्यक्तिगत अनुरोध करना चाहूँगा कि यदि आपके घर में शौचालय नहीं है, तो इस अवधि में आप अवश्य निर्माण करा लें।

मुझे विश्वास है कि आप अपनी दृढ़ता, निष्ठा, भागीदारी और सामूहिक प्रयास से बिहार को 'खुले में शौच से मुक्त' बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी।

शुभकामनाओं के साथ,

(नीतीश कुमार)